संख्या-2/1121/22-4-14-48(53)/14

प्रेषक,

आर0 के0 द्विवेदी
उप सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिरीक्षक
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं
उ0प्र0, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं अनुभाग 4 लखनऊ दिनांक- 12 सितम्बर,2014

विषय- जिला कारागार, बांदा में निर्माणाधीन मेनरोड से कारागार के मुख्य द्वार तक आर0सी0सी0 रोड के निर्माण हेतु अवशेष धनराशि अवमुक्त किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या- 24470/नम-2, दिनांक- 28 अगस्त, 2014 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासनादेश संख्या-1653/22-4-2013-48(53)/13, दिनांक 21 जनवरी, 2014 के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जिला कारागार, बांदा में मेनरोड से कारागार के मुख्य द्वार तक आर0सी0सी0 रोड के निर्माण हेतु वॉछित रू0 8,91,000/- (रूपया आठ लाख इक्यानवे हजार मात्र) के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2013-14 में प्रथम किश्त के रूप में रू0 4,45,000/-(रूपया चार लाख पैंतालिस हजार मात्र) की धनराशि अवमुक्त की गयी थी। उक्त निर्माण कार्य हेतु अवशेष धनराशि रू0 4,46,000/-(रूपया चार लाख छियालिस हजार मात्र) की स्वीकृति श्री राज्यपाल महोदय एतद्वारा प्रदान करते हैं।

2- इस सम्बंध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2014-15 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-25 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक "4059-लोक निर्माण कार्य पर पूंजीगत परिव्यय-80-सामान्य -051-निर्माण-03- कारागारों का उच्चीकरण, नवीनीकरण एवं जीर्णोद्वार-24-वृहत् निर्माण कार्य" के नामे डाला जायेगा और उक्त लेखाशीर्षक/ मद में उपलब्ध प्रावधान से वहन किया जायेगा।

3- कार्य पूर्ण होने पर कार्यदायी संस्था से कार्य संपरीक्षित लेखे अवश्य प्राप्त कर लिए जाय।

4- शासनादेश दिनांक 21 जनवरी, 2014 की शर्ते यथावत लागू रहेंगी।

5- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-बी-1-2457/दस-2014-231/2014, दिनांक-22-07-14 में प्रशासकीय विभाग को प्रतिनिधानित अधिकारों के अधीन जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(आर0के0द्विवेदी)
उप सचिव

संख्या-2/1121(1)/22-4-14-तद्दिनांकित-

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

(1) प्रधान महालेखाकार(सिविल आडिट) उ0प्र0, इलाहाबाद।
(2) प्रबंध निदेशक,, उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0, लखनऊ।
(3) जिलाधिकारी, बांदा।
(4) मुख्य कोषाधिकारी ,जवाहर भवन, लखनऊ।
(5) निदेशक, वित्तीय सांख्यिकीय निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।
(6) वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-12/वित्त (आय- व्ययक) अनुभाग-1/2
(7) गार्ड फाईल।

आज्ञां से,

(आर0के0द्विवेदी)
उप सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in